सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 142 | इंदौर, गुरुवार 30 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## नेताओं का विश्वास ग्वालियर-चंबल अंचल में कांग्रेस बढ़त में हैं

◆ पूरा फोकस अब मतगणना पर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** भोपाल से कांग्रेस प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मतगणना पर फोकस करने का मंत्र लेकर वापस लौट आए हैं। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि इस बार बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बन रही है। ग्वालियर-चंबल में भी पार्टी को बढ़त मिलने की पूरी संभावना है। भाजपा मतदान केंद्रों पर कांग्रेस को हराने में विफल होने के बाद मतगणना टेबल पर हराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। इसलिए फोकस मतगणना पर करें।

एक-एक वोट के लिए लड़े, क्योंकि कई विधानसभा क्षेत्रों में बहुत नजदीकी मामला है। इसके साथ डाक मतपत्रों में गड़बड़ी की पूरी आशंका है। डाक मत डलवाने में कुछ अधिकारियों ने भाजपा का साथ दिया है, उनकी सूची बनाओ। भोपाल से लौटने के बाद प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्र की रणनीति बनाना शुरू कर दी है। भोपाल से प्रशिक्षण लेकर लौटे प्रतिनिधि प्रदेश नेतृत्व का मतगणना संबंधी संदेश नीचे तक पहुंचाने के लिए बुधवार से बैठकों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

भोपाल से प्रशिक्षित होकर आए प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि अपने मतगणना एजेंटों को प्रशिक्षित करने व मतगणना की बारीकियों से अवगत कराने के लिए बैठकें करें।

### हर राउंड की मतगणना का सर्टिफिकेट लेना है-

दो दिन पहले प्रदेश कांग्रेस ने प्रत्याशियों को कुछ मतदान संबंधी जानकारियों के साथ भोपाल बुलाया था। इस बैठक में शहर से केवल कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक पहुंचे। सतीश सिकरवार व सुनील शर्मा ने अपने-अपने दो प्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने के लिए भेज दिया था। प्रदेश नेतृत्व में मतगणना का प्रशिक्षण देने के लिए प्रत्याशी के साथ दो-दो प्रतिनिधियों को भी बुलाया था।

बैठक में कांग्रेस के मतगणना विशेषज्ञों ने बताया कि समूचे प्रदेश में इस बार मुकाबला कांटे का है। इसलिए मतदान के बाद हम लोगों को पूरा फोकस मतगणना पर करना है। पहला मतगणना एजेंटों को पूरी तरह से उनके अधिकारियों की जानकारी देकर भेजें और उन्हें हिदायत दें कि एक-एक वोट के लिए लड़ना है। डाक मतपत्रों में सत्ता पक्ष ने गड़बड़ी शुरू कर दी है। इसलिए पहले डाक मत पत्रों की गिनती कराकर सार्टिफिकेट ले लें।



# चीन में बच्चों को हो रही रेस्पेरेटरी डिसीज पर मध्यप्रदेश में अलर्ट

## स्वास्थ्य विभाग ने मांगी मरीजों की जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


भोपाल। चीन में रहस्यमयी बीमारी का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर हो रहा है। तेज बुखार के साथ फेफड़े फुला देने वाली इस बीमारी की वजह से हर रोज करीब 7 हजार बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कोरोना की तरह ये बीमारी भी संक्रामक है।

प्रो-मेड नाम के एक सर्विलांस प्लेटफॉर्म ने 15 नवंबर को चीन में रहस्यमयी बीमारी को लेकर दुनियाभर में अलर्ट जारी किया था। हालांकि, प्लेटफॉर्म ने ये नहीं बताया कि ये बीमारी सिर्फ बच्चों तक सीमित है या युवाओं और बुजुर्गों को भी अपनी चपेट में ले रही है। इस बीमारी ने कब फैलना शुरू किया, ये भी पता नहीं चल पाया है।

चीन की हेल्थ अथॉरिटी का कहना है कि ये सामान्य निमोनिया बीमारी है। नई बीमारी या दूसरे बैक्टीरिया या वायरस का संक्रमण नहीं है। इस वक्त चीन में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कोरोना की पाबंदियां हटने के बाद ये सीजन की पहली ठंड है। सर्दियों में वायरल बीमारियों के फैलने का खतरा ज्यादा रहता है।

भारत में इस रोग को लेकर तैयारियों के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, चीन में बच्चों में एच9एन2 मामलों के हालिया प्रकोप और श्वसन संबंधी बीमारियों को लेकर भारत सरकार स्थिति पर नजर रख रही है और बचाव के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। आईसीएमआर और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक इस बात को लेकर गंभीरता से उपाय कर रहे हैं जिससे जोखिमों से बचाव किया जा सके।

**हिमाचल के पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तराखंड समेत 6 प्रदेशों में मास्क पहनने की एडवाइजरी जारी**



संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश
E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्र./आई.डी.एस.पी./एफ-110/2023/213 | भोपाल, दिनांक 28/11/2023

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
2. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मध्यप्रदेश।
3. समस्त सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, मध्यप्रदेश।

विषय:- श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने की तैयारियों के संबंध में।

संदर्भ:- 1. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का DO No. T-18015/80/2023-IDSP (Pt.1), Dated 25.11.2023
2. Operational Guideline for Revised Surveillance Strategy in context of COVID-19, Dated 19th June 2022
3. संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें का पत्र क्र./आई.डी.एस.पी./2022/F-88/811 भोपाल, दिनांक 21.06.2022

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र क्रमांक-1 अनुसार लेख है कि विगत सप्ताहों में चीन में बच्चों में श्वसन की बीमारी के प्रकरणों में मीडिया रिपोर्टों द्वारा बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वर्तमान में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि मुख्य रूप से बच्चों में हो रही है और यह इन्फ्लुएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, SARS-CoV-2 आदि जैसे सामान्य कारणों से होती है।

हालांकि उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि वर्तमान में चिंता की कोई आवश्यक नही है, परन्तु, प्रदेश में लोक स्वास्थ्य एवं अस्पताल की तैयारियों की समीक्षा करने का यह एक अवसर है। इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं में अपेक्षित मानव संसाधन, अस्पताल के बिस्तर, जांच एवं परीक्षण, दवा एवं कंज्यूमेबल्स् के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं में संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है।

निगरानी के दृष्टिकोण से पूर्व में जारी 'Operational Guideline for Revised Surveillance Strategy in context of COVID-19' का पालन कर, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रदेश के समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाले समस्त ILI (Influenza-like illness) और SARI (Severe Acute Respiratory Infections) के प्रकरणों की रिपोर्ट IDSP (Integrated Disease Surveillance Programme) -IHIP (Integrated Health Information Platform) पर दर्ज करें और इस रिपोर्टिंग की मॉनिटरिंग आईडीएसपी की जिला सर्विलेन्स इकाइयों के माध्यम से की जाए।

उपरोक्त संदर्भित गाइडलाइन का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार

(प्रियंका दास)
मिशन संचालक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र.

# आयुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा

## कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही रेस्टोरेशन कार्य करने के दिए निर्देश

### 3 एजेंसियों को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे विकास कार्यो के संबंध में सीटी बस आफिस में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, सहायक यंत्री, उपयंत्री व अन्य विभागीय अधिकारी, कंसलटेंट, ठेकेदार व अन्य उपस्थित थे।**

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में किये जा रहे विकास कार्यो के साथ ही वॉटर सप्लाई एवं सीवर कार्य संबंधित किये जा रहे कार्यो के साथ ही एजेंसी वाईस, वर्क वाईस कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्य के दौरान आमजन को असुविधा ना हो, कार्य स्थल के आस-पास बेरिकेट व अन्य आवश्यक व्यस्थाऐं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये। साथ ही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्यो शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही कार्यउपरांत रेस्टोरेशन कार्य को आगामी 7 दिवस में पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियो को निर्देशित किया गया।

आयुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत वॉटर सप्लाय व सीवर लाईन कार्य में संलग्न एजेंसी मेसर्स तीर्थ गोपीकोन, मेसर्स लेण्डमार्क कॉपोरेशन व मेसर्स विक्ट्रीवन को कार्य की धीमी गति व समय सीमा में पूर्ण नही करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये, साथ ही एजेंसियों द्वारा किये जा रहे कार्यो को समय सीमा में पूर्ण नही करने पर हेवी पेनल्टी लगाने व अन्य कार्यवाही के भी निर्देश दिये गये।

आयुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी के सिविल वर्क की समीक्षा करते हुए, समस्त एजेंसी व निर्माणकर्ता एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य को समय सीमा में पूर्ण करते हुए, रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करे, इसके लिये स्मार्ट सिटी के समस्त इंजीनियरो के मध्य कार्य विभाजन कर जवाबदारी सौंपी गई। स्मार्ट सिटी के संबंधित सहायक यंत्री व उपयंत्री को आगामी 7 दिवस में मॉनिटरिंग करते हुए, कार्य की समीक्षा से अवगत कराने के भी निर्देश दिये गये। 7 दिवस में कार्य प्रगति नही होने पर संबंधितो के विरूद्ध अनुशासात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# आयुक्त द्वारा क्लीन टॉयलेट अभियान के संबंध में बैठक

## 25 दिसम्बर तक चलेगा अभियान - सीटीपीटी व युरिनल का होगा विशेष रख-रखाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा शासन निर्देशानुसार क्लीन टॉयलेट अभियान के संबंध में सीटी बस आफिस में बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन, श्री अनुप गोयल, श्री महेश शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह ने बताया कि भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार दिनांक 19 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक टॉयलेट की विशेष साफ-सफाई के उद्देश्य से क्लीन टॉयलेट अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त द्वारा नगर निगम इंदौर द्वारा क्लीन टॉयलेट अभियान के तहत किये जाने वालो के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में शहर के समस्त सीटीपीटी व युरिनल पर आवश्यक सफाई व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने तथा ट्रीटेड वॉटर का उपयोग करने के संबंध में निर्देश दिये गये।

आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा क्लीन टॉयलेट अभियान के तहत इंदौर शहर में स्थित सार्वजनिक - सामुदायिक शौचालय, मुत्रालय के बेहतर रख-रखाव करने के साथ ही सीटीपीटी व युरिनल पर पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सीवर लाईन का बेहतर संचालन करने के साथ ही सीटीपीटी व युरिनल पर सोलर एनर्जी का उपयोग करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# पद्मावती वेंकटेश देवस्थान में अन्नकूट महोत्सव

◆ वेंकटेश बालाजी को नारियल पानी से बने व्यंजन का लगाया भोग, श्रद्धालुओं ने किए गिरिराजजी के दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड स्थित पद्मावती वेंकटेश देवस्थान में मंगलवार को भगवान वेंकटेश बालाजी को छप्पन भोग का नैवेद्य लगाया गया। इस अवसर पर चावल रूपी गिरिराज पर्वत पर गिरिराजजी के दर्शन भी हुए। बालक स्वामी केशवाचार्य महाराज की प्रेरणा से अन्नकूट महोत्सव में हजारों भक्तों ने वेंकटेश बालाजी के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।भजन संध्या में सम्राट भोपूजी की भजनसंध्या देर रात तक चली। इस अवसर पर मंदिर परिसर में फूलों की सुंदर रंगोली बनाई गई।**

### भजनों से लगाया सांवरियाजी को छप्पन भोग

मंदिर समिति के हरिकिशन साबू , मनोहर सोनी, दिनेश अग्रवाल और नितिन तापडिया ने बताया भजन सम्राट भोपूजी के भजन आओ आओ रे सांवरिया छप्पन भोग लगाओ रे सांवरिया, थाली भरकर लाई खीचड़ों ऊपर घी की बाटकी, म्हारा बाल गोविंदाजी म्हारा घर रमवा आजोजी, छप्पन भोग लगाओ जी जैसे भजनों के साथ भगवान बालाजी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। भजन संध्या में भक्तों ने देर रात तक भजनों का लुप्त उठाया। भजनों पर भक्तों ने झूम कर नृत्य करके अपनी खुशी जाहिर की।

### नारियल के पानी से बनाए छप्पन पकवान

मंदिर समिति के नितिन तापडिया ने बताया कि भगवान वेंकटेश बालाजी को नारियल के पानी के प्रयोग से बने हुए छप्पन पकवान का ही भोग लगाया गया। साथ ही जलेबी, मालपुआ, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, लड्डू ,खीर, खिरान मिक्चर , नमकीन चावल, सेव नमकीन दाल, मक्खन बड़ा, दही बड़ा, दही चावल, रबडी सहित कई पकवानों का नैवेद्य भी लगाया गया। भगवान की आरती के बाद भक्तों ने दर्शन किए। इस अवसर पर सरला हेड़ा, पदमा सोनी, सुभद्रा बाई साबू, हरकचंद बिहानी, हुकुमचंद भांगडिया, राजा लड्ढा, सोयल साबू, गिरीश कश्यप, लाला साबू, कैलाश जोशी, नारायण मालानी, राम हुरकट सहित कई भक्त मौजूद थे।

# लोक अदालत में बिजली के हजारों प्रकरणों निराकृत करने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार 9 दिसंबर को आयोजित हो रही हैं। वर्ष की अंतिम लोक अदालत की सफलता के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तत्वावधान में प्रभावी तैयारी की जा रही है। मालवा और निमाड़ में 44 स्थानों (न्यायालयों) पर आयोजित होने वाली लोक अदालत में हजारों प्रकरणों के समाधान के लिए रखे जाएंगे। हजारों नोटिस तैयार कराए जा रहे हैं।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देशानुसार इंदौर जिले के 62 जोन वितरण केंद्र समेत मालवा निमाड़ के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से लोक अदालत की सफलता के लिए प्रभावी तैयारी की जा रही है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता होगा। प्री लिटिगेशन एवं लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में समझौता किया जाएगा। लोक अदालत के लिए सतर्कता संकाय के मुख्य अभियंता श्री आरके आर्य को प्रभारी बनाया गया हैं।

## 3 दिसम्बर को होने वाली मतों की गणना की तैयारियां अंतिम चरण में

# मतगणना में तेजी के लिए टेबलों की संख्या बढ़ाई

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 3 दिसम्बर को होने वाली विधानसभा निर्वाचन के मतों की गणना की व्यापक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मतगणना संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी देने के लिये आज यहां कलेक्टर कार्यालय में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने की।**



इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा मतगणना के लिये की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मतगणना में तेजी के लिए भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन के पश्चात टेबलों की संख्या बढ़ाई गई है। मतगणना अभिकर्ता की भूमिका एवं उत्तरदायित्व की जानकारी दी गई। बताया गया कि मोबाईल आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। बताया गया कि मतगणना नेहरू स्टेडियम में 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू की जायेगी, इसके बाद ईव्हीएम के माध्यम से मतों की गिनती प्रारंभ होगी। सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिये अलग-अलग मतगणना कक्ष बनाये गये हैं। मतगणना के लिये मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति की गई हैं। इनके प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। प्रशिक्षण का दूसरा चरण 30 नवम्बर को होगा। इसी तरह डाक मतपत्रों की गिनती करने वाले कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। प्रत्येक टेबल के लिये मतगणना दल बनाये गये हैं। इसके अलावा रिजर्व में भी कर्मचारियों की नियुक्ति की गई हैं। मतगणना के अलावा अन्य कार्यों के लिये नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं।

बैठक में बताया गया कि ईव्हीएम से विधानसभा क्षेत्र देपालपुर में 16, इंदौर-1 में 16, इंदौर-2 में 21, इंदौर-3 में 14, इंदौर-4 में 14, इंदौर-5 में 20, डॉ. अम्बेडकर नगर महू में 14, राऊ में 14 तथा विधानसभा क्षेत्र सांवेर में 16 टेबलों पर एक साथ मतों की गणना की जायेगी। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र देपालपुर में 3 टेबलों पर डाक मतपत्रों की गिनती की जायेगी। इसी प्रकार डाक मतपत्रों की गिनती के लिये इंदौर-1, इंदौर-2, इंदौर-3, इंदौर-4, डॉ. अम्बेडकर नगर महू तथा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में चार-चार टेबले लगायी गई हैं। इंदौर-5 तथा राऊ विधानसभा क्षेत्र के लिये डाक मतपत्रों की गिनती पांच-पांच टेबलों पर होगी। इस तरह जिले में 9 विधानसभा क्षेत्रों में ईव्हीएम की मतों की गणना 145 टेबलों पर तथा डाक मतपत्रों की गिनती 37 टेबलों पर की जायेगी। पूर्व में 126 टेबलों पर ईव्हीएम के माध्यम से मतों की गणना की जाना थी। कुल 19 टेबलों की संख्या बढ़ाई गई है। इसी तरह डाक मतपत्रों की गिनती के लिये भी 28 टेबले बढ़ाई गई है। पूर्व में 9 टेबलों पर डाक मतपत्रों की गिनती की जाना थी।

# शरीर पर थे असंख्य कीड़े, परिवार ने भी नहीं अपनाया, संस्था ने बदली जीवनधारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी, परिवार ने भी छोड़ दिया.हालत ऐसी हो गई शरीर में असंख्य कीड़े हो गए. संस्था प्रवेश के सदस्यों ने उसका रेस्क्यू किया, इलाज करवाया और उसे सक्षम बनाने की जिम्मेदारी ली. आज वह महिला ने न केवल अपनी जीवनधारा बदली, बल्कि खुद को सक्षम बना रही है. स्थिति यह है कि जिसका पैर काटने की नौबत आ गई थी, वह आज दौड़ती है और हिंसकता छोडक़र सबसे हंसती बोलती है.**



भिक्षुक पुनर्वास केंद्र की संचालक संस्था प्रवेश बेसहारा लोगों के लिए एक सहारे की तरह है. संस्था की संचालनकर्ता रुपाली जैन ने कहा कि संस्था की टीम ने 15 अगस्त, 23 को एमवाय के सामने हनुमान मंदिर से एक महिला को बहुत ही नारकीय हालत में रेस्क्यू कर अरबिंदो हॉस्पिटल में इलाज हेतु भर्ती किया था. इस महिला के शरीर में असंख्य कीड़े पड़े हुए थे.जिसका पैर काटने की नौबत आ गई थी.वह आज अपने पैरों पर दौड़ रही है. जो हिंसक होकर हमला करती थी वह आज सभी के साथ हँस बोल रही है. ठीक होने के पश्चात परामर्श में उसने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं, पति मजदूरी करता है व माता-पिता बुजुर्ग है.गांव का नाम बताने पर संस्था प्रवेश की टीम ने उसके परिवार को ढूंढ निकाला.तब पता चला कि वह कई सालों से विक्षिप्त अवस्था में बार-बार घर से चली जाती थी.आसपास दिखने पर लोग छोड़ जाते थे, परंतु अभी कई महीनो से वह लापता थी. उसका शरीर इतना जख्मी कैसे हुआ था.इस बारे में उसे कुछ भी याद नहीं है.माता-पिता रखना नहीं चाहते हैं.किरण के बच्चों को उसकी सास एवं देवर संभालते हैं लेकिन इसकी बीमारी के चलते इसे नहीं रखना चाहते हैं. रूपाली जैन के मुताबिक केंद्र पर ही उसे प्रशिक्षण देकर सक्षम बनाया जा रहा है, जिससे वह खुद कुछ कर सके. अब यह महिला बेहद ही खूबसूरत हैंडीक्राफ्ट आइटम बनाने लगी है, उसे गाने का भी बहुत शौक है एवं अब जीवन को नयी आशा के रूप में देखते हुए अच्छे से जीना चाहती है.संस्था का कहना है कि इस महिला के बेहतर जीवन के लिए हम अच्छे से अच्छा प्रयास कर रहे हैं.

# आयुक्त द्वारा नेशनल लोक अदालत के तहत वसूली करने के निर्देश

## बकाया डिमांड जारी करने एवं लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करे : आयुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा निगम राजस्व की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री अभिलाश मिश्रा, समस्त सहायक राजस्व अधिकारी, बिल कलेक्टर व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा राजस्व वसुली की झोनवार समीक्षा करते हुए, आगामी 9 दिसम्बर 2023 शनिवार को आयोजित नेशनल/मेगा लोक अदालत के संबंध में समस्त सहायक राजस्व अधिकारी व बिल कलेक्टर को झोनवार बकाया राजस्व वसुली करने के साथ ही करदाताओ तक बकाया करो की डिमांड भेजने व शासन निदेशानुसार नेशनल लोक अदालत में दी जा रही सरचार्ज में छूट से अवगत कराने के संबंध में निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आयुक्त द्वारा समस्त सहायक राजस्व अधिकारी को विगत नेशनल लोक अदालत से अधिक राजस्व वसुली करने के निर्देश देते हुए, 1 लाख से अधिक के बकायादारो को नोटिस जारी करने के साथ ही बडे बकायादारो से संपर्क कर वसुली करने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त सहायक राजस्व अवधिकारी को आवंटित झोन क्षेत्र के व्यवसायिक, आवासीय क्षेत्र के करदाताओ पर बकाया राजस्व राशि के नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये तथा नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी देने व प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये।

# 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली ठण्डी हवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवम्बर के आखिरी हफ्ते में आखिरकार बारिश-मावठे के साथ ठिठुरन का खासा एहसास करा दिया। रविवार को 2 इंच से ज्यादा हुई बारिश के बाद सोमवार को भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। इस दौरान बीच-बीच में धूप भी निकली लेकिन दिन और रात को खासी ठिठुरन रही। इस दौरान दिन का तापमान जो शनिवार को 28 डिग्री, रविवार को 25 से गिरकर सोमवार को 20 डिग्री पर आ गया। मंगलवार को दिनभर बादल छाने के साथ बीच-बीच में धूप भी निकली। इस दौरान दिन का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस (-5) रहा। इसके साथ ही 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा से ठिठुरन भी रही। मामले में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने तापमान में आई गिरावट के मद्देनजर नर्सरी से पांचवी तक की कक्षाएं 9 बजे बाद ही संचालित किए जाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सभी सरकारी, प्राइवेट, सीबीएसई. आईसीएसई. माध्यमिक शिक्षा मंडल व सभी बोर्ड से संबंधित स्कूलों के लिए लागू हैं।

### इंदौर में यातायात सुधार के लिये बड़ी कार्रवाई

# लगातार रेड लाइट जम्प करने पर लायसेंस होंगे हमेशा के लिए निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इन्दौर शहर में रेड लाइट जम्प से दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने ट्रैफिक पुलिस और आर.टी.ओ. को सख्त निर्देश दिये हैं कि ऐसे वाहन चालक जो लगातार रेड लाइट जम्प करते हैं, उनके लायसेंस हमेशा के लिए निरस्त कर दिये जाए। इस संबंध में एक अभियान चलाया जाए और ऐसे लोगों की पहचान की जाए जो बार-बार रेड लाइट जम्प कर रहे है।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि जो लोग तेज गति से वाहन चला रहे है, शराब पी कर वाहन चला रहे है या वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात कर रहे है, इन पर भी सख्त कार्यवाही की जाए। यह लोग सड़क पर होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। साथ ही जो ऑपरेटर अपनी बसें रास्ते में खड़ी कर सवारियों बैठा रहे हैं, उन पर भी कार्यवाही होना चाहिए, इससे यातायात बाधित होता है। अप्रैल 2023 से अब तक ट्रैफिक पुलिस की रिपोर्ट पर प्रथम अपराध पर इन्दौर आर.टी.ओ द्वारा 2750 वाहन चालकों के लायसेंस निलंबित किये जा चुके हैं। यह कार्यवाही लगातार जारी है। अब इन वाहन चालकों द्वारा फिर से रेड लाइट जम्प करने पर इन के लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि ऐसे वाहन चालक जिन के लायसेंस निरस्त होंगे उनका लायसेंस भविष्य में कभी भी किसी भी परिवहन कार्यालय से नहीं बन पाएगा।

वह हमेशा के लिए वाहन चलाने से वंचित रह जाएगें। जिनके लायसेंस निलंबित किये गये है, उन्हें चेकिंग के दौरान अथवा दुर्घटना की स्थिति में बिना लायसेंस के माना जायेगा, चालानी कार्यवाही के साथ उन्हें इंश्योरेंस क्लेम भी नहीं मिलेगा। कहा गया है कि जिनके लायसेंस निलंबित है वह निलंबन अवधि में वाहन नहीं चलाए। इन्दौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम द्वारा विगत दो माह में मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन में 1050 वाहनों पर कार्यवाही की जाकर लगभग 12 लाख रूपये शास्ति वसूल की गई है। यह कार्यवाही भी निरंतर जारी है।

# आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे विधानसभा निर्वाचन के परिणाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए गत 17 नवम्बर को हुए मतदान की 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया 3 दिसम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे से प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों में स्थापित मतगणना केन्द्रों में मतों की गिनती प्रारंभ होगी। मतगणना के राउन्ड-वाइज परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।**

सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के तत्काल बाद प्रत्येक उम्मीदवार को मिले डाक मत पत्रों की घोषणा की जाएगी। विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://results.eci.gov.in और वोटर हेल्पलाइन एप (VHA) पर देखे जा सकेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा https://ceomadhyapradesh.nic.in पर भी मतगणना के परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।

### खजराना गणेश मंदिर में होगा अनूठा आयोजन

# शुभ-लाभ गणेश्वरी संस्था लंबोदर को भेंट करेंगे चांदी के डेढ़ दांत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना गणेश मंदिर में गुरुवार,30 नवंबर को अनूठा आयोजन होने जा रहा है। शुभ-लाभ गणेश्वरी संस्था के तत्वावधान में खजराना गणेश मंदिर में शुभ एवं लाभ प्रतिमा का 17वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत विद्वान पंडितों के सान्निध्य में सुबह 6 बजे लंबोदर परिवार के अभिषेक-पूजन के साथ की जाएगी।

खजराना गणेश मंदिर में होने जा रहे इस आयोजन पर शहर के भक्तों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी एवं समाजसेवी भी शामिल होंगे। महोत्सव के तहत खजराना गणेश मंदिर में आकर्षक रंग-बिरंगी चुनरियों, फूलों व 3डी लाइट से सजाया जाएगा एवं आने वाले भक्तों को स्वच्छता अभियान के साथ ही इंदौर शहर को ट्रैफिक में नंबर वन बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। शुभ-लाभ गणेश्वरी संस्था अध्यक्ष शर्मा एवं सचिव महेश शर्मा ने बताया कि खजराना गणेश मंदिर में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में इस बार लंबोदर को चांदी के डेढ़ दांत अर्पित किए जाएंगे। साथ ही खजराना गणेश को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सुबह 6 बजे खजराना गणेश के मुख्य पुजारी मोहन भट्ट एवं अशोक भट्ट के सान्निध्य में लंबोदर के परिवार का जड़ी-बूटियों और फलों के रस से अभिषेक व पूजन किया जाएगा। शाम 6 बजे श्रृंगार दर्शन, छप्पन भोग व महाआरती विद्वान पंडितों के सान्निध्य में की जाएगी। महोत्सव में इंदौर शहर के धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक पृष्ठ भूमि से जुड़े कई लोगों को आमंत्रित किया गया है।





# सुबह से तेज बारिश

## इंदौर-सागर समेत 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, कोहरे के आगोश में हुई सुबह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में पिछले पांच दिनों से मौसम सर्द है। भोपाल में गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा फिर तेज बारिश हुई। बारिश बंद होते ही धुंध के बीच हल्की धूप खिली। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेशभर में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। 14 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।**

मौसम केंद्र भोपाल ने गुरुवार को इंदौर, खरगोन, खंडवा, देवास, हरदा, शाजापुर, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, टीकमगढ़ और छतरपुर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां तेज बारिश हो सकती है। भोपाल, उज्जैन समेत 30 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। इन जिलों में सुबह के समय कहीं हल्का तो कहीं घना कोहरा भी छाया रहेगा।

भोपाल में बुधवार शाम को तेज बारिश हुई, जो देर रात तक जारी रही। रायसेन में भी पानी गिरा। वहीं, उमरिया, बालाघाट जिले के मलाजखंड में भी बारिश हुई। वहीं, प्रदेशभर में बादल छाए रहे। इससे दिन का तापमान भी गिर गया। इंदौर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 22.3 डिग्री पहुंच गया। एक ही दिन में 1.7 डिग्री की गिरावट हुई।

### इसलिए बिगड़ा मौसम

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), चक्रवाती हवाओं का घेरा और ट्रफ लाइन के गुजरने से स्ट्रॉन्ग सिस्टम बना। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिला। लगातार चार दिन तक प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है, जो दोबारा बारिश कराएगा। सबसे ज्यादा इंदौर-उज्जैन संभाग में बारिश होगी। कई जिलों में आकाशीय बिजली के साथ बारिश होने का अनुमान है।

### सर्दी के चलते स्कूलों की टाइमिंग बढ़ाई

बढ़ती सर्दी के मद्देनजर भोपाल, इंदौर, डिंडोरी, सागर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, विदिशा, नर्मदापुरम, आगर-मालवा, शाजापुर समेत कई जिलों में नर्सरी से पांचवीं तक की क्लास लगने की टाइमिंग बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दी गई है। हालांकि, भोपाल के कई स्कूलों में तो नर्सरी से 12वीं तक के स्कूल ही सुबह 9 बजे से शुरू होने लगे हैं।

### इन शहरों में भी तापमान गिरा

बुधवार को बैतूल में 25.2 डिग्री, गुना में 26.5 डिग्री, ग्वालियर में 26.6 डिग्री, नर्मदापुरम में 25.2 डिग्री, खंडवा में 24.5 डिग्री, खरगोन में 26 डिग्री, शिवपुरी में 27 डिग्री, छिंदवाड़ा में 25.4 डिग्री, दमोह में 26.2 डिग्री, जबलपुर में 26.5 डिग्री, खजुराहो में 28.4 डिग्री, मंडला में 26.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 24.5 डिग्री, नौगांव में 28 डिग्री, सागर में 24.2 डिग्री, सतना में 29 डिग्री, सिवनी में 28.2 डिग्री, टीकमगढ़ में 28 डिग्री, उमरिया में 27.9 डिग्री, तापमान रहा। इसके अलावा, उज्जैन में 23 डिग्री, धार में 23.8 डिग्री, रायसेन में 23.6 डिग्री, रतलाम में 23.2 डिग्री, बालाघाट जिले के मलाजखंड में 23.7 डिग्री तापमान रहा। ये शहर प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडे रहे। पचमढ़ी में तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दोस्त की हत्या करने वाली महिला को आजीवन कारावास

◆ सोते समय गला घोंटा; पुलिस को सूचना दी- फांसी लगा ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना**। शहर के कर्नलगंज में अपने दोस्त की हत्या करने वाली महिला को कोर्ट ने सजा सुनाई है। आरोपी महिला ने अपने दोस्त को पहले घर बुलाया। जब वह सो गया तो दुपट्टे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद दुपट्टे को इस तरह कैंची से काटा, जिससे लगे कि वह फंदे पर लटका था।

इतना ही नहीं, महिला ने ही फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। इसके बाद खुद से ही पुलिस को सूचना दी। कोर्ट ने आरोपी महिला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में फैसला पंचम नपर सत्र न्यायाधीश अकबर शेख ने सुनाया। वहीं शासन की ओर से पैरवी मनीष शर्मा ने की।

मामला वर्ष 2021 का है। 5 मार्च को रानी कुशवाह (32) ने पुलिस को सूचना दी कि उसके घर फैजान आया था। वह ऊपर मकान पर थी। उसके कमरे में फैजान ने उसके दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसने देखा कि उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। इसी आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने की धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया। विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी महिला को दोषी माना। अदालत ने रानी कुशवाह(32) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 1000 रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## दिल्ली की युवती से ग्वालियर में रेप, नर्सिंग करने आई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। दिल्ली की युवती से ग्वालियर में रेप का मामला सामने आया है। आरोपी एक साल तक शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। बाद में शादी से मुकर गया। आरोपी रेलवे में लोको पायलट बताया गया है। घटना साल 2018 की है। युवती लक्ष्मीबाई कॉलोनी पड़ाव में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। पीड़ित ने दिल्ली पहुंचकर वहां अपने साथ रेप की शिकायत की। घटना स्थल ग्वालियर का होने पर मामले को यहां ट्रांसफर किया गया। नई दिल्ली निवासी 30 वर्षीय युवती ने शिकायत की है कि 2018 में वह लक्ष्मीबाई कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। यहां पर उसकी मुलाकात सोहन पाल से हुई। सोहन पाल के साथ उसका भाई असिस्टेंट लोको पायलट है। मुलाकात के कुछ दिन बाद उसके मोबाइल पर सोहन पाल का कॉल आया और उनके बीच बातचीत होने लगी।

एक दिन वह उसके कमरे पर आया और शादी का वादा कर उसके साथ गलत काम किया। जब उसने विरोध किया तो उसने विश्वास दिलाया कि जल्दी हम शादी करेंगे। इसके बाद भी वह एक साल तक उसका शोषण करता रहा। कई बार शादी का दबाव बनाया तो वह हर बार जल्द शादी का आश्वासन देता था।

### दबाव बनाया तो शादी से मुकरा

युवती ने बताया कि आरोपी से शादी के लिए कहा तो कोविड का माहौल आ गया। आरोपी ने उसका बहाना बना दिया। इसके बाद जब हालात सुधरे तो उसने फिर कहा कि जल्दी शादी कर लेते हैं तो आरोपी ने शादी करने से साफ मना कर दिया।

### पुलिस का कहना

इस मामले में पड़ाव थाना प्रभारी इला टंडन का कहना है कि एक दिन पहले पीड़ित युवती ग्वालियर आई थी और उसने शिकायत की थी। जिस पर तत्काल मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## बालाघाट के मतदान कर्मियों व जिला निर्वाचन अधिकारी पर दर्ज हो आपराधिक प्रकरण

### तहसीलदार-एसडीएम को निलंबित करना शक के घेरे में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट। बालाघाट में सोमवार को सामने आए डाक मतपत्र के प्रदेश स्तरीय मामले में जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर एक के बाद एक सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस लगातार भाजपा और जिला कलेक्टर पर हमला बोल रही है। अब निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं। बुधवार को बालाघाट विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी विशाल बिसेन ने प्रेस वार्ता में दो दिन के भीतर पहले तहसीलदार और फिर बालाघाट एसडीएम को निलंबित करना, यह स्पष्ट करता है कि चुनाव प्रक्रिया में धांधली व गड़बड़ी हुई है।**

**सार्टिंग से पहले ही डाक मतपत्रों को बदलने का आरोप-** बिसेन ने सार्टिंग से पहले ही डाक मतपत्रों को साजिश के तहत बदलने का भी गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्रों की सार्टिंग के कार्य में जो कर्मचारी स्ट्रांग रूम में थे, उनके खिलाफ तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए, क्योंकि ये सोची-समझी साजिश के तहत किया गया कृत्य है।

**आयोग के नियमों के तहत कार्रवाई करने की मांग करेंगे-** हाल ही में मप्र सहित चार राज्यों में निर्वाचन की प्रक्रिया हुई है, लेकिन इन प्रदेशों के किसी भी जिले में डाक मतपत्रों के सरलीकरण का कार्य बालाघाट के अलावा कहीं नहीं किया गया है। इसे लेकर वह भारत निर्वाचन आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग, मप्र के डीजीपी और पुलिस अधीक्षक बालाघाट को जिम्मेदार कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ आयोग के नियमों के तहत कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

New Delhi

# पंजाब, कश्मीर में बदला मौसम, अब दिल्ली की बारी शाम तक होगी बारिश और खत्म होगा पलूशन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर समेत आसपास के इलाकों में गुरुवार को भीषण धुंध का मौसम बना हुआ है। यही नहीं हवा धीमी होने के चलते पलूशन भी परेशान कर रहा है। दिल्ली में एक्यूआई का लेवल 420 बना हुआ है। इसके अलावा गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम जैसे शहरों में भी प्रदूषण का लेवल 400 के करीब बना हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहेंगे और शाम तक हल्की बारिश भी हो सकती है। इससे पहले सोमवार को भी हल्की बारिश हुई थी, जिससे पलूशन से थोड़ी राहत मिली थी।



इसके चलते तापमान भी थोड़ा और कम हो सकता है। दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रह सकता है, जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहेगा। समीर ऐप के मुताबिक दिल्ली में AQI लेवल गुरुवार को सुबह 8 बजे 420 था। इसके अलावा ज्यादातर इलाकों का यही हाल है और आनंद विहार जैसे कुछ क्षेत्रों में तो यह बहुत अधिक है। इस बीच जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और पंजाब में अच्छी खासी बारिश हुई है और घाटी के कुछ इलाकों में बर्फबारी भी हुई है। यही नहीं बर्फबारी के चलते राजौरी और पुंछ को दक्षिण कश्मीर से जोड़ने वाले मुगल रोड को भी बंद करना पड़ा है।अधिकारियों का कहना है कि ताजा बर्फबारी के चलते 'पीर की गली' रोड को भी बंद करना पड़ा है। हालांकि जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर ट्रैफिक सामान्य रूप से चल रहा है। यह राजमार्ग देश के बड़े हिस्से से गुजरते हुए कन्याकुमारी तक जाता है। जम्मू में भी अच्छी बारिश हुई है। इसके अलावा पीर पंजाल और चेनाब वैली इलाके में बर्फबारी हुई है। कटरा के त्रिकुटा हिल्स में भी बारिश हुई है।

Uttarpradesh

## मेरी ड्यूटी खत्म बोलकर ड्राइवर ने बीच रास्ते में खड़ी कर दी ट्रेन, फंस गए 2500 यात्री

**बाराबंकी, (एजेंसी)** सहरसा से दिल्ली जा रही स्पेशल ट्रेन बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर रोकी गई। मालगाड़ी क्रॉस होने के बाद यात्री ट्रेन चलने का इंतजार करते रहे। एक घंटा गुजर गया तो यात्री पूछताछ करने लगे। इस पर बताया गया कि ड्राइवर व गार्ड की ड्यूटी का समय समाप्त हो गया था वह चले गए। ऐसे में करीब 2500 यात्री फंस गए।यात्रियों का आक्रोश फूट पंड़ा और प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। उच्चाधिकारियों को खबर मिली तो गोण्डा से ड्राइवर व गार्ड भेजे गए। इस दौरान करीब साढ़े तीन घंटे तक यात्री भूख-प्यास से परेशान रहे। शाम 4.50 बजे ट्रेन रवाना की गई।

बुधवार को दिन में करीब सवा एक बजे सहरसा से दिल्ली जा रही स्पेशल ट्रेन बुढ़वल स्टेशन पर रुकी। इस दौरान एक मालगाड़ी पास हुई। यात्री क्रासिंग के कारण ट्रेन को खड़ी करना समझ रहे थे मगर एक घंटा गुजर गया। ट्रेन को सिग्नल नहीं मिला और वह नहीं चली। इस पर कई यात्री स्टेशन पर उतर आए और हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर तक हंगामा और नारेबाजी चलती रही। इसके बाद स्टेशन अधीक्षक नींद से जागे।

Haryana

## आंखों में मिर्ची डाल नकदी और मोबाइल छीना, शादी से लौट रहे युवक के साथ वारदात

**नारनौल, (एजेंसी)** नारनौल में चोर बेखौफ होकर सड़कों पर घूम रहे हैं। बुधवार रात को निजामपुर रोड पर एक व्यक्ति की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर मोबाइल व नकदी लूटकर बदमाश मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चार बदमाश एक बाइक पर सवार होकर आए थे।

जानकारी के अनुसार निजामपुर रोड पर एक विवाह कार्यक्रम में नारनौल निवासी डॉक्टर राजकुमार कन्यादान कर अपने घर वापस आ रहे थे। जब वे बिग लॉन्ड्री के पास पहुंचे तो एक बाइक पर चार युवक सवार होकर आए और पीड़ित की आंखों की तरफ मिर्ची पाउडर फेंक दिया। इसके बाद बदमाशों ने मोबाइल व नकदी छीनी और मौके से भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को सड़क पर गिरा मिर्च पाउडर मिला।

Punjab

## चंडीगढ़ में बड़ा कांड : युवती ने वाशरूम में लगाया खुफिया कैमरा, गर्ल्स पीजी में मचा हड़कंप, कई बड़े खुलासे

**चंडीगढ़, (एजेंसी) चंडीगढ़ के सेक्टर-22बी में गर्ल्स पीजी के वाशरूम में खुफिया कैमरा लगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवती और उसके पुरुष मित्र के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच करवाने की तैयारी में है। पुलिस को शक है कि पीजी की युवतियों का वीडियो आरोपियों के मोबाइल में हो सकता है। आरोपी 22 वर्षीय युवती सहारनपुर (यूपी) की रहने वाली है।**

सूत्रों के मुताबिक उसी ने बुड़ैल से यह खुफिया कैमरा खरीदा था। पुलिस बुड़ैल स्थित दुकानदार से भी पूछताछ में जुटी है। बुड़ैल में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी युवती कैद हुई है। वह सेक्टर-22 के पीजी में पीड़िता के साथ रह रही थी और यूपी से आईलेट्स का कोर्स करने यहां आई थी। उसने यह अपराध अपने पुरुष मित्र सेक्टर-21ए निवासी अमित हांडा (30) के कहने पर किया। पीजी में पीड़िता के अलावा पांच और युवतियां रहतीं हैं। सभी उसी वाशरूम का इस्तेमाल करती हैं। जहां गीजर के पास खुफिया कैमरा लगाया गया था। मामले में 39 वर्षीय पीड़िता मूलरूप से पंजाब की रहने वाली है और वह यहां वर्ष 2020 से रह रही है।

खेल

## पंजाब ने जीता राष्ट्रीय हॉकी खिताब, हरियाणा को शूटआउट में हराया, तमिलनाडु को मिला कांस्य पदक




**नई दिल्ली। पंजाब ने कड़े मुकाबले में पंजाब को पेनाल्टी शूटआउट में 9-8 से हराकर सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। वहीं, तमिलनाडु ने तीसरे स्थान के मैच में कर्नाटक को पेनाल्टी शूटआउट में 5-3 हरा दिया। उसे कांस्य पदक मिला। पंजाब और हरियाणा के मैच में निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं। शूटआउट में भी मुकाबला बराबरी पर रहा। फिर सडन डेथ में फैसला हुआ और पंजाब ने टूर्नामेंट को जीत लिया।**

पंजाब ने 13वें मिनट में हरजीत की मदद से मैच का पहला गोल किया। हरियाणा के संजय ने 25वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। पंजाब के कप्तान हरमनप्रीत ने 42वें मिनट में स्कोर 2-1 किया लेकिन हरियाणा के रजंत ने 50वें मिनट में स्कोर 2-2 कर दिया। शूटआउट में संजय, दीपक और अभिषेक ने हरियाणा जबकि हरमनप्रीत, सिमरनजीत और सुखजीत ने पंजाब के लिए तीन गोल किए। उसके बाद सडन डेथ हुआ जिसमें सातवें पेनाल्टी शूटआउट में सिमरनजीत ने पंजाब को जीत दिला दी।

सिनेमा

## शाहरुख-अक्षय की ये सुपरहिट फिल्में ठुकरा चुकी हैं काजोल, लिस्ट में आमिर खान की 3 इडियट्स भी

करण जौहर का चैट शो 'कॉफी विद करण', 8वें सीजन तक पहुंच गया है और दर्शकों को पसंद आ रहा है। 'कॉफी विद करण 8' के लेटेस्ट एपिसोड में काजोल और रानी मुखर्जी पहुंचीं और इस दौरान दोनों ने खूब मस्ती मजाक किया। सोशल मीडिया पर एपिसोड के कई क्लिप्स और किस्से वायरल हो रहे हैं। एपिसोड में काजोल ने उन फिल्मों का भी जिक्र किया, जो उन्होंने रिजेक्ट कर दी थीं। इस लिस्ट में अक्षय कुमार, शाहरुख खान और आमिर खान संग सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। 'कॉफी विद करण 8' के लेटेस्ट एपिसोड में करण जौहर ने काजोल और रानी के साथ रैपिड फायर राउंड खेला। इस दौरान करण ने काजोल से पूछा कि उन फिल्मों के नाम जो उन्होंने रिजेक्ट की लेकिन बाद में हिट हुईं। इस पर काजोल ने कहा कि इस लिस्ट में आमिर खान की 3 इडियट्स, शाहरुख खान की दिल तो पागल है और अक्षय कुमार की मोहरा शामिल है।



वहीं रानी मुखर्जी से भी करण जौहर ने ये सवाल पूछा तो एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने रिजेक्ट नहीं की लेकिन एक डायरेक्टर ने उनकी डेट्स ब्लॉक कर दी थीं जिसकी वजह से वो आमिर खान की लगान नहीं कर पाईं। इसक साथ ही करण ने काजोल से पूछा कि एक सोशल मीडिया टिप, जो उनकी बेटी नीसा ने उन्हें दी। इस पर काजोल ने कहा कि नीसा की वजह से वो इंस्टाग्राम पर आई और उन्हें खूब मजा आ रहा है। एपिसोड की शुरुआत में करण जौहर, रानी मुखर्जी और काजोल ने 'कुछ कुछ होता है' का जिक्र किया है।

# संपादकीय

## हादसे से लें सबक

निर्माण गतिविधियों के दौरान विस्फोट के जरिए पहाड़ों को तोड़ना किस स्तर का जोखिम पैदा कर सकता है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पिछले कुछ समय से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की घटनाओं से गंभीर चिंता खड़ी हो रही है। ऐसे में अलग-अलग इलाकों की दूरी को कम करने के लिए सड़कों से लेकर हाइड्रो परियोजनाओं के लिए सुरंगों के निर्माण में किस स्तर के खतरे जुड़े हुए हैं? निश्चित रूप से विकास एक जरूरी पहलू है, लेकिन प्रकृति पर संकट के समांतर इसमें अनिवार्य संतुलन कायम रखना भी वक्त का तकाजा है। एक बार फिर सबने देखा कि हादसे में फंसे मजदूर जहां अपने जीवट और साहस के दम पर करीब सत्रह दिनों तक जोखिम के बीच टिके रहे, वहीं सरकार ने उन्हें बचाने के लिए हर संभव उपाय किए। आखिर इस अभियान में मिली कामयाबी ने मजदूरों को बचाने की कोशिशों के एक व्यापक सरोकार को जीवन दिया। मगर यही वह वक्त भी है जब इस मसले पर विचार किया जाना चाहिए कि किसी बड़े हादसे के बाद ही उससे निपटने या उससे उपजी मुश्किलों को कम करने के प्रयास शुरू क्यों किए जाते हैं! निर्माण कार्यों की शुरुआत से पहले उसके जोखिम या खतरे का आकलन करके आशंकाओं से निपटने के लिए हर स्तर पर ठोस इंतजाम क्यों नहीं किए जाते, ताकि आपात स्थितियों में नुकसान से बचा या उसे न्यूनतम किया जा सके? दरअसल, इस सुरंग हादसे में फंसे मजदूरों को बचा लिया जाना एक बड़ी कामयाबी जरूर है, लेकिन इसके साथ ही यह समूची घटना फिर से एक बड़ा सबक देकर गई है। हालांकि वक्त के साथ विकास के क्षेत्र में सभी स्तरों पर निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीकी के जरिए गुणवत्ता सुनिश्चित करने से लेकर निर्धारित या कम समय में किसी परियोजना को पूरा करने जैसे काम उपलब्धि के तौर पर देखे जा सकते हैं, मगर सवाल है कि पहाड़ी इलाकों में सड़कें या सुरंग जैसे निर्माण कार्यों में हर स्तर पर जोखिम का सटीक आकलन, उसके मद्देनजर सावधानी, सुरक्षा और पहाड़ धंसने जैसी आपात स्थिति में बचाव के पूर्व इंतजामों को लेकर जरूरी गंभीरता क्यों नहीं बरती जाती। उत्तरकाशी में सुरंग में पहाड़ धंसने की घटना से पहले भी इस तरह के छोटे-बड़े कई हादसे हो चुके हैं। मुश्किल यह है कि त्रासद उदाहरण मौजूद होने के बावजूद नए सुरंग निर्माण कार्यों के दौरान तब तक जरूरी सावधानी बरतने को प्राथमिकता नहीं दी जाती, जब तक कि फिर कोई भयानक हादसा न हो जाए। उत्तराखंड या अन्य पहाड़ी राज्यों के जिन इलाकों में चौड़ी सड़कों और सुरंगों के सहारे एक से दूसरी जगह की यात्रा को आसान बनाने के दावे किए जाते हैं, वहां अगर भूस्खलन या जमीन में दरार पड़ने की घटनाएं सामने आती हैं, तो इसका मतलब यही है कि निर्माण कार्यों के दौरान पहाड़ के चट्टानों, मिट्टी की प्रकृति और उनकी पकड़ का सटीक आकलन नहीं किया जा सका। यों भी हिमालय को सबसे नई पर्वत शृंखलाओं में से एक और भूकम्प के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। अगर इस तरह के जोखिम के बीच काम किए जाते हैं।

**Quote...**

*"You will face many defeats in life, but never let yourself be defeated."*

*-Maya Angelou*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**हमारे अंदर के लौह तत्व को मजबूत करने के लिए तीन चीजें दी गई हैं संयम, तप और श्रम।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# गुरुवार को करें इनमें से कोई एक उपाय, दूर होगी आर्थिक तंगी

नवंबर माह का अंतिम दिन गुरुवार को है और यह दिन भगवान विष्णु और देवताओं के गुरु बृहस्पति को समर्पित है। साथ ही इस दिन शुभ योग समेत कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व भी बढ़ गया है। गुरुवार को भगवान विष्णु की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है और गुरुवार का व्रत किया जाता है। ऐसा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति मजबूत होती है। ज्योतिष शास्त्र में गुरुवार के दिन का महत्व बताते हुए कुछ विशेष उपाय भी बताए गए हैं, इन उपायों के करने से धन से संबंधित समस्या दूर होती है और गुरु ग्रह के शुभ प्रभाव से जीवन में चल रहीं सभी समस्याओं से मुक्ति मिलती है। आइए जानते हैं गुरुवार को किए जाने वाले इन उपायों के बारे में....



### ◆ इस उपाय से आरोग्य की होगी प्राप्ति

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गुरुवार के दिन का व्रत करें और पीले वस्त्र पहनकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करें। साथ ही भगवान विष्णु की पूजा में पीले रंग की चीजें जैसे फूल, फल, मिठाई आदि का ही प्रयोग करें। इस दिन बृहस्पतिवार व्रत की कथा पढ़ें और दान भी करें। ऐसा करने से आरोग्य की प्राप्ति होगी और शत्रुओं से मुक्ति भी मिलेगी।

### ◆ इस उपाय से बढ़ेगी धन संपदा

साल के अंतिम दिन गुरुवार को गाय को आटे की लोई में चने की दल, गुड़ और हल्दी डालकर खिलाएं। इसके साथ ही सुबह स्नान के समय पानी में एक चुटकी हल्दी डालकर स्नान करें और 'ॐ बृ बृहस्पतये नमः' का जप करें। ऐसा करने से धन संपदा बढ़ती है और परिवार के सदस्यों की भी उन्नति होती है।

### ◆ इस उपाय से गुरु ग्रह होंगे मजबूत

कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को पुखराज रत्न धारण करें। अगर पुखराज धारण नहीं कर सकते हैं तो केले के पेड़ की जड़ को पीले कपड़े में बांधकर उसको गले में धारण करना अति उत्तम रहेगा। ऐसा करने से गुरु ग्रह का शुभ प्रभाव पड़ेगा और जीवन में चल रही समस्याओं से मुक्ति भी मिलेगी।

### ◆ इस उपाय से अड़चन होगी दूर

अगर विवाह में बाधा आ रही है तो गुरुवार के दिन केले के पेड़ की पूजा अर्चना करें और चने की दाल और गुड़ का भोग लगाएं। साथ ही किसी गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को चने की दाल, केला, पीले वस्त्र, पीले फल और फूल आदि पीले चीजों का दान करें। ऐसा करने से शादी विवाह में आ रही अड़चन दूर होगी और आपके कार्य बनने लग जाएंगे।

### ◆ इस उपाय से होगी उन्नति

गुरुवार को केले के पेड़ की पूजा करने का विधान बताया गया है। केले के पेड़ का संबंध भगवान विष्णु और गुरु ग्रह से है। इस दिन केले के पेड़ की पूजा करने के बाद सात परिक्रमा करें और देसी घी का दीपक जलाकर पूजा अर्चना करें। इसके बाद तुलसी माला से गुरु ग्रह के मंत्र का 108 बार जप करें। ऐसा करने से नौकरी व व्यापार में चल रही समस्याएं खत्म होंगी।

### ◆ इस उपाय से होगा धन लाभ

नवंबर माह के अंतिम दिन शुभ योग में भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी की भी पूजा अर्चना करें और गुरुवार का व्रत भी रखें। इसके बाद विष्णु सहस्त्रनाम और कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें। साथ ही कलाई या गर्दन पर हल्दी का टीका भी लगाएं। ऐसा करने से व्यक्ति को हर क्षेत्र में अच्छा धन लाभ होगा और कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति मजबूत होगी।

**नोट : यह तमाम जानकारी जनरुचि को ध्यान में रखकर दी जा रही है, ज्योतिष और धर्म के उपाय और सलाहों को अपनी आस्था और विश्वास पर आजमाएं। कंटेंट का उद्देश्य मात्र आपको बेहतर सलाह देना है। इस संदर्भ में हम किसी प्रकार का कोई दावा नहीं करते हैं।**




- **Locals attack car after it runs over people at shop in UP, 3 dead**
- **Chennai gets heavy northeast monsoon spell**
- **CBI arrests three in Karnataka for seeking bribe to certify film**
- **Indian govt employee 'directed' plot to kill Khalistani leader Pannun: US**
- **NCPCR seeks report on handcuffing minor POCSO victim**
- **Jadavpur University student alleges ragging by seniors, V-C reacts**

# 'Queries solely technical in nature': Byju's on FEMA notice issued by ED

**NEW DEIHI, (Agency).** Edtech platform Byju's on Wednesday said that it will continue to maintain complete adherence to all Foreign Exchange Management Act (FEMA) regulations, while alleging 'inadvertently exaggerated reporting in the media', this days after being served a show cause notice by the Enforcement Directorate (ED).

On November 21, the central probe agency issued show cause notices to ed-tech company Byju's founder, Byju Raveendran and the parent company, Think and Learn Pvt Ltd, over alleged violations by the company worth ₹9,362 crore under the foreign exchange law.

In its statement, the ED had alleged that Byju's parent company and Raveendran contravened the provisions of FEMA by "failing to submit documents of imports against advance remittances made outside India, by failing to realise proceeds of exports made outside India, by delayed filing of documents against the Foreign Direct Investment (FDI) received into the company, by failing to file documents against the remittances made by the company outside India and by failing to allot shares against FDI received into the company."




Responding to the notice, the ed-tech platform said that the queries that it received in the notice are 'solely technical in nature' such as delay in filing Annual Performance Reports (APRs) with respect to duly compliant ODI investments of close to (~) ₹8,000 crores that arose from the delayed statutory audit (FY22).

"The Company has however filed requisite intimation contemporaneously for all FDI which is received in accordance with the eligibility criteria in law and not affected by the alleged non filing of APR. The Company has also issued/allotted shares within the prescribed time against the FDI so received," the statement added.

# Gandhar Oil Refinery IPO listing today

**NEW DEIHI, (Agency)** Gandhar Oil Refinery's IPO will be listed on the stock market on Thursday i.e November 30, 2023. A notice issued by the Bombay Stock Exchange (BSE) states,"Effective from Thursday, November 30, 2023, the equity shares of Gandhar Oil Refinery (India) Limited shall be listed and admitted to dealings on the Exchange in the list of 'B ' Group of Securities."




"Further the trading members may please note that the above mentioned scrip will be a part of Special Pre-open Session (SPOS) on Thursday, November 30, 2023. For further information on SPOS, the trading members are requested to refer to the Exchanges notice no. 20120216-29 dated February 16, 2012 on Enabling Special Pre-open Session for IPOs & Relisted Scrip," the BSE notice added.

1. The Gandhar Oil Refinery IPO had opened for subscriptions on November 22. Within hours of opening for bidding, it had got fully subscribed. On the final day i.e November 24, the IPO had received 64.07 times subscription. The ₹500.69 crore IPO had received bid for 1,36,09,99,464 shares against 2,12,43,940 shares on offer, as per data available with the NSE.

2. The IPO is a fresh issue of up to ₹302 crore and an offer for sale of up to 1,17,56,910 equity shares. The price band for the IPO is ₹160-169 a share.

3. Prior to the bidding process, Gandhar Oil Refinery had said it raised a little over ₹150 crore from anchor investors. The company had allotted 88.88 lakh equity shares to 16 funds at ₹169 per piece, according to a circular uploaded on the BSE's website.

# ड्राइवर की हत्या का खुलासा, आरोपी पकड़ाए

## 300 रुपए के लिए उतारा था मौत के घाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पचोर के उदनखेड़ी टोल प्लाजा के पास कार की डिक्की में मृत मिले इंदौर के युवक की हत्या का खुलासा पुलिस ने किया है। युवक खुद की कार टैक्सी चलाता था। 300 रुपए किराए के विवाद में दो भाइयों ने उसकी हत्या की थी। दोनों ही गिरफ्तार हो गए हैं।**

एसपी धर्मराज सिंह मीणा ने बुधवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि अंकित शर्मा की हत्या करने वाले आरोपी रवि गोस्वामी (25), उसके छोटे भाई दीपक (22) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने बताया कि अंकित की कार से वे उज्जैन गए थे। उसने 2500 रु. किराया मांगा था, आरोपी 2200 देने का बोलकर बैठे थे। उज्जैन में एक मंदिर के बाहर 300 रुपए को लेकर इनका विवाद हुआ था। अंकित ने गालीगलौज कर रवि को थप्पड़ मार दिए थे। इस पर दोनों भाइयों ने अंकित की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। शव को डिक्की में रखकर ये पचोर की ओर ठिकाने लगाने निकले थे, लेकिन रास्ते में ही छोड़ गए।

अंकित के भाई अमित ने बताया कि भाई ने रात 11.30 बजे तक आने का बोला था। दो घंटी बजने के बाद फोन भी बंद हो गया। हमने जीपीएस से लोकेशन ट्रेस की तो वह पचोर तरफ जाती दिखी। शंका होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ट्रेस करना शुरू किया और उदनखेड़ी टोल प्लाजा पर घेराबंदी की। उस समय पुलिस देख आरोपी गाड़ी छोड़ भाग निकले थे।

## करंट से युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर इलाके में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि देर रात वह अंधेरे में फ्यूज बल्ब को बदल रहा था। इसी दौरान वह झटका खाकर नीचे गिरा। उसे परिवार के लोग नजदीक के निजी अस्पताल ले गए। इसके बाद उसे एमवाय अस्पताल भेज दिया गया। गुरुवार को उसकी पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक दुर्गा नगर में रहने वाले घनश्याम चौहान (18)को उसके पिता बद्री चौहान बुधवार रात करीब 1 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बद्री चौहान ने पुलिस को बताया कि रात में वह कमरे में खाना खा रहे थे। इसी दौरान बाथरूम के यहां का बल्ब शॉट हो गया। उसे बदलने के लिये बेटा गया तो गिरने की आवाज आई। वह उठकर पहुंचे तो बेटा घनश्याम जमीन पर पड़ा था। इसके बाद उसे सिनर्जी अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल ले जाने की बात कही। पिता के मुताबिक घनश्याम चार बेटों में सबसे छोटा बेटा है। वह बायपास पर नाश्ते का ठेला लगाता है। वह भी उसके साथ ही बैठते हैं। रात 11 बजे के लगभग दोनों ठेला लेकर घर पहुंचे। इसके बाद हादसा हो गया।

## साफ्टवेअर डेवलपर ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर में रहने वाले निजी कंपनी के साफ्टवेअर डेवलपर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि इसी साल उनकी शादी हुई। पत्नी ग्वालियर में एमपीईबी में पदस्थ है। पुलिस सुसाइड के मामले को लेकर जांच कर रही है।**

पुलिस के मुताबिक घटना प्राइम सिटी की है। यहां रहने वाले पुष्पेन्द्र पिता लक्ष्मीनारायण महावर ने 15 नवंबर को कमरे में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिवार लोगो ने देखा तो उन्हें उतारकर अपोलो अस्पताल ले गए। जानकारी के मुताबिक घटना के दिन पुष्पेन्द्र अपने परिवार के साथ होटल श्रीमाया में खाना खाकर घर पहुंचा। उसने बहन से टहलने की बात की ओर उपर चले गया। कुछ देर बाद परिवार के लोग जब कमरे में पहुंचे तो वह फंदे पर लटके देखा।

**निजी साफ्टवेअर कंपनी में करते थे काम-** पुष्पेन्द्र अल्टीमेंट्रीक कंपनी में साफ्टवेअर डेवलपर के पद पर काम करते है। परिवार ने बताया कि इसी साल जुलाई मे पुष्पेन्द्र की शादी हुई थी। उनकी पत्नी एमपीईबी ग्वालियर में एई के पद पर पदस्थ है। बताया जाता है कि वह काफी समय से पत्नी को इंदौर ट्रांसफर कराने के लिये प्रयास कर रहे थे। लेकिन उनका ट्रांसफर नही हो पा रहा था। इधर पुलिस को अभी किसी तरह के सुसाइड नोट की जानकारी नही लगी है। मामले में जांच की जा रही है।

### बहन ने दी सीपीआर

बहन ने बताया वह बेंगलोर में जॉब करती है। भाईदूज के चलते इंदौर आई उन्होंने तय किया की भाईदूज का प्रोग्राम होटल में करना है। यहां खाना खाकर घर आ गए। रात में जब गेट की आवाज आई जो परिवार के लोग उपर पहुंचे। यहां कमरे में पुष्पेन्द्र फंदे पर लटके दिखे। बहन ओर परिवार के लोगो ने उन्हें फंदे से उतारा ओर सीपीआर दी। जिसके बाद पुष्पेन्द्र के शरीर में सांसे आई। बाद में तुरंत अस्पताल ले गए।

# तीन राज्यों के लोगों से ठगी करने वाले तीन बदमाश धराए

◆ वारदात के बाद बदल देते थे सिमकार्ड, पूर्व में पकड़ा चुका है साथी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने के बाद भी वे शिकार हो जाते हैं। ठगों के गिरोह ने अब पैर पसारना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों तीन राज्यों महाराष्ट्र, यूपी और आंध्रप्रदेश के लोगों को झांसे में लेकर उनसे लाखों रुपए ऐंठ लिए। मामले में क्राइम ब्रांच ने जांच के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, गिरोह का एक सदस्य पूर्व में पकड़ा जा चुका है। क्राइम ब्रांच को तीन आवेदकों विक्रम निवासी दादर मुंबई, दीपक निवासी लखनऊ तथा मुजाहित निवासी आंध्रप्रदेश ने शिकायत की थी कि उनके साथ इंदौर स्थित स्वैप डील लिमिटेड कंपनी के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वार डीलरशिप एजेंसी देने के लालच दिया था। आवेदक विक्रम से डेढ़ लाख, दीपक से 50 हजार तथा मुजाहिद से एक लाख रुपए की ठगी की थी। कंपनी द्वारा दूसरे राज्यों के लोगों से संपर्क कर स्वयं को कंपनी हेड एवं कर्मचारी बताते हुए फ्रेंचाइजी, डीलरशिप देने के नाम पर कॉल्स किया जाता था।

इसमें ठग जानकारी देते थे कि कंपनी पूरे भारत में डीलर के माध्यम से कपड़े, घरेलू समान, लेडीज मटेरियल बेचने एवं डीलर को प्रत्येक प्रोडक्ट पर 300 रुपए की बचत होती है। डीलर को कंपनी से प्रोडक्ट खरीदकर कम से कम एक सप्ताह का स्टाक रखना होता है। कंपनी ऑनलाइन कस्टमर से संपर्क कर डीलर से प्रोडक्ट सेल आउट कराती है। आवेदकों को प्रोडक्ट बेचने कहीं जाना नहीं होगा, जैसे झूठ बोलकर डीलरशिप लेने सिक्योरिटी बतौर पर कंपनी के बैंक खातों में ऑनलाइन पैसे जमा करने होंगे तथा डिपाजिट अमाउंट आपको रिटर्न कर दिया जाएगा।

### आईडी और पासवर्ड देंगे

आवेदकों को स्वैपडील. इन लिंक मोबाइल पर भेजा गई और कहा कि कंपनी की ओर से आपको एक कंपनी के डीलरशीप की लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड भी दिया जाएगा। डीलरशिप देने के नाम से अधिक प्रॉफिट जैसे लुभावने ऑफर्स का झांसा देते हुए आवेदकों ने 3 लाख रुपए आरोपी के खाते में ऑनलाइन प्राप्त कर कंपनी की तरफ से आवेदक को ने तो कस्टमर भेजा, न ही पैसे रिफंड किए गए। आवेदकों द्वारा रुपए वापस मांगने के लिए कॉल करने के बाद आरोपियों द्वारा फोन ब्लैक लिस्ट में कर दिया जाता है।

### दस्तावेज, सिम कार्ड जब्त

फरियादियों द्वारा की गई शिकायत की जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने राहुल राजा परमार निवासी नंदानगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते, एटीएम, मोबाइल सिमकार्ड सहित अन्य निजी दस्तावेजों से लोगों को झांसे में लेकर ठगी का जाती थी।

### कंपनी के एजेंट है

प्रकरण में आवेदकों को कॉलिंग के लिए फर्जी सिमकार्ड उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी रनवीर पटेल निवासी-संजय नगर रांझी जबलपुर, गणेश जाधव निवासी इंदिरा आवास कॉलोनी मानेगांव रांझी जबलपुर को पकड़ा। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे कंपनी के पीओएस एजेंट हैं जो आमजन को सिमकार्ड उपलब्ध कराने के नाम से लोगों की एक से ज्यादा सिमकार्ड ईकेवायसी कराकर प्राप्त कर लेते थे। पुलिस द्वारा संचालक राहुल परमार को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चालक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कनाडिया इलाके में तेज र तार ट्रक चालक ने एक कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक घायल हो गया। टक्कर के बाद आरोपी चालक वाहन सहित भाग गया। पुलिस ने बताया कि हादसा बायपास रोड बिचौली मर्दाना में संपत पेट्रोल पंप के पास हुआ। घायल कार चालक का नाम पीयूष पिता घनश्याम दास वैष्णव (42) निवासी डीसीएनबीएल हिल्स विस्टा सांवेर रोड है। उसकी रिपोर्ट पर अज्ञात ट्रक चालक पर केस दर्ज कर तलाश की जा रही है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह कार से जा रहा था तभी आरोपी ट्रक चालक ने तेजगति और लापरवाही से गाड़ी चलाकर मेरी कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से कार की डिक्की,कांच फूट गए और मुझे सिर में चोट आई। उस ट्रक का नंबर नहीं देख पाया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### सिटी बस ने बाइक को मारी टक्कर

इसी प्रकार तुकोगंज इलाके में तेज रफ्तार सिटी बस के चालक ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल का नाम दिलीप पिता बाबूलाल गौड निवासी बक्षीबाग है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने सिटी बस क्रमाक एमपी 09 पीए 0829 के चालक पर केस दर्ज किया है। हादसा एमजी रोड पर उदासीन आश्रम के सामने 56 दुकान के पास हुआ। युवक ने बताया कि आरोपी सिटी बस चालक तेज गति और लापरवाही के साथ बस चला रहा था।

### टक्कर से युवक घायल

इधर ग्रामीण इलाके में अज्ञात कार के चालक ने एक युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। खुड़ैल पुलिस ने बताया कि हादसा ट्रेंचिंग ग्राउंड के सामने हुआ। घायल का नाम दीपक पिता बजेसिंह सिसौदिया निवासी मानवता नगर है। उसकी रिपोर्ट पर अज्ञात कार के चालक पर केस दर्ज किया गया। युवक ने बताया कि वह बाइक से जा रहा था तभी नेमावर रोड पर कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में उसे और साथ बैठे पवन गौतम को चोंटे आई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।